राज्य में जारी होंगे पॉलीकार्बोनेट आधारित कार्ड पर क्यूआर कोडयुक्त ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण-पत्र

चर्चा में क्यों?

29 मई, 2022 को सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के परिवहन विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सुविधा ‘तुंहर सरकार तुंहर द्वार’ को और सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने की दिशा में अब प्रदेश में जारी होने वाले समस्त ‘ड्राइविंग लाइसेंस’ एवं ‘पंजीयन प्रमाण-पत्र’ पॉलीकार्बोनेट आधारित कार्ड पर एवं क्यूआर कोडयुक्त होंगे।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि भारत सरकार के भूतल एवं परिवहन विभाग **(MoRTH)** द्वारा वर्ष 2019 में जारी अध्यादेश के अनुपालन में एकीकृत ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण-पत्र जारी किया जाना है, जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के परिवहन विभाग ने हाल ही में निविदा प्रक्रिया संपन्न की है एवं यह योजना 17 मई, 2022 से प्रादेशिक स्तर पर प्रारंभ की गई है।
- ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण-पत्र के प्रिंटिंग का कार्य ‘केंद्रीकृत कार्ड प्रिंटिंग एवं डिस्पैच यूनिट’ पंडरी रायपुर में किया जाएगा एवं छत्तीसगढ़ सरकार की संकल्पित योजना के अंतर्गत भारतीय डाक के माध्यम से आवेदकों के घर पर प्रेषित किये जाएंगे।
- इस नवीन व्यवस्था के अंतर्गत ‘क्यूआर कोड’ वाले पॉलीकार्बोनेट ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण-पत्र जारी किये जाएंगे। पॉलीकार्बोनेट कार्ड उच्च गुणवत्ता एवं लंबे समय तक चलने वाले होते हैं, जिस पर लेजर के माध्यम से प्रिंटिंग की जाती है। यह कार्ड सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली **(MoRTH)** के द्वारा तय मानकों को पूर्ण करते हुए जारी किये जाएंगे।
- नए प्रारूप के ‘क्यूआर कोड’ वाले पॉलीकार्बोनेट ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण-पत्र के प्रिंटिंग का कार्य ‘एमसीटी कार्ड्स एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड’ द्वारा कार्य किया जाएगा। यह कंपनी मनिपाल कर्नाटका की आईटी कंपनी है, जो कि इस क्षेत्र में अग्रणी है एवं इसी प्रकार के कार्य अन्य राज्यों में करती आ रही है।
- परिवहन विभाग द्वारा संचालित ‘तुंहर सरकार तुंहर द्वार’ योजना लोगों की सुविधा के लिये अतिमहत्त्वपूर्ण योजना है। परिवहन विभाग से संबंधित जनसुविधाएँ इतनी सहजता से घर बैठे मिलने से लोगों को अब बार-बार परिवहन विभाग के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इसके चलते आवेदकों के समय और धन की बचत होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/driving-license-and-registration-certificate-with-qr-coded-on-polycarbonate-based-card